ओमप्रकाश नाजवानी
सम्पादक

**विज्ञापन हेतु**
सम्पर्क करें।
**9269214000**
प्रति. बुक करावें

RNI No. : RAJHIN/2013/54948
Postal Regd. : RJ/AJ/210/2024-26

# आगाज की आवाज

प्रतिस्पर्धा से दूर, खबरें भरपूर, आगाज हमारा, आवाज आपकी.....
www.aagajkiaawaj.com

वर्ष 12 | अंक 17 | पाक्षिक | अजमेर, 16 अगस्त 2025 | मूल्य 10 रूपये | कुल पृष्ठ 4

## समझ ले दुश्मन! सुदर्शन चक्र किसी को नहीं बख्शेगा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से 79वें स्वतंत्रता दिवस पर देश की सुरक्षा को नए आयाम देने का बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि साल 2035 तक हर नागरिक और महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा के लिए 'सुदर्शन चक्र' नामक राष्ट्रीय सुरक्षा कवच तैयार किया जाएगा, जो विस्तार, सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण से युक्त होगा। भगवान कृष्ण से प्रेरित इस मिशन का उद्देश्य दुश्मन के हर हमले को निष्क्रिय कर कई गुना ताकत से पलटवार करना है। मोदी ने कहा कि बदलते युद्ध के तौर-तरीकों में टेक्नोलॉजी की भूमिका अहम हो गई है। पाकिस्तान द्वारा मिसाइल और ड्रोन से किए गए हमलों को भारतीय सेना और तकनीक ने सफलतापूर्वक नाकाम किया है। इसी क्षमता को और उन्नत करने के लिए मिशन सुदर्शन चक्र शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले 10 वर्षों में अस्पताल, रेलवे स्टेशन, आस्था स्थल सहित सभी सामरिक और सिविलियन केंद्रों को इस सुरक्षा कवच के दायरे में लाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने महाभारत के उदाहरण का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे श्री कृष्ण के सुदर्शन चक्र ने जयद्रथ वध में निर्णायक भूमिका निभाई थी, वैसे ही यह मिशन भी सटीक और लक्षित कार्रवाई करने में सक्षम होगा। इस सिस्टम का रिसर्च, डेवलपमेंट और मैन्युफैक्चरिंग पूरी तरह भारत में होगा और इसमें देश के युवाओं की प्रतिभा का उपयोग किया जाएगा। साथ ही भविष्य की युद्ध रणनीतियों के अनुरूप 'प्लस वन' स्ट्रेटेजी विकसित की जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा कवच न केवल भारत को सुरक्षित रखेगा बल्कि हर नागरिक में सुरक्षा का भरोसा भी जगाएगा।

## 'विभाजन विभीषिका दिवस' के आदेश पर केरल में जबरदस्त विरोध, कई जगहों पर झड़पें



नई दिल्ली। केरल के राज्यपाल राजेंद्रन विश्वनाथ आर्लेकर ने 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका दिवस' के रूप में मनाने का निर्देश दिया था। राज्यपाल ने कहा था कि केरल के सभी विश्वविद्यालयों में इस मौके पर सेमिनार और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। लेकिन राज्य के विश्वविद्यालयों में बहुत कम कार्यक्रम हुए और उनमें भी बेहद कम भागीदारी देखने को मिली। कोचीन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीयूएसएटी) ने ऑनलाइन सेमिनार किया जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने राज्य के कई कॉलेजों में कार्यक्रम आयोजित किए, लेकिन इन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। सीपीएम के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने राज्यपाल के इस निर्देश का विरोध किया। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने इसे असंवैधानिक और अस्वीकार्य बताया। इसके बाद राज्य सरकार ने निर्देश जारी कर कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में 'विभाजन विभीषिका दिवस' मनाना जरूरी नहीं है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. आर बिंदु ने कहा कि विश्वविद्यालयों और अकादमिक समुदाय ने राज्यपाल के निर्देश को स्वीकार नहीं किया और विभाजनकारी ताकतों को बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए। जब एबीवीपी ने कई कॉलेजों में कार्यक्रम किए तो उन्हें सीपीएम के छात्र संगठन स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), केरल स्टूडेंट्स यूनियन (केएसयू) और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के छात्र संगठन मुस्लिम स्टूडेंट्स फेडरेशन (एमएसएफ) के विरोध का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर एसएफआई कार्यकर्ताओं ने एबीवीपी के पोस्टर फाड़ दिए और इसके बाद दोनों संगठनों के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं, जिस वजह से पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। एसएफआई ने कॉलेज परिसर के बाहर राज्यपाल का पुतला भी जलाया। एबीवीपी के साथ ही भारतीय जनता पार्टी की जिला कमेटियों ने भी इस दिन के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किए।

## राज ठाकरे के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका, हिंदी भाषियों के खिलाफ हिंसा भड़काने का आरोप



मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। हिंदी भाषी नागरिकों को निशाना बनाकर नफरत फैलाने वाले भाषण देने और हिंसा भड़काने के मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। यह याचिका उत्तर भारतीय विकास सेना के अध्यक्ष सुनील शुक्ला ने दाखिल की है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, याचिका में ठाकरे और उनकी पार्टी के सदस्यों पर महाराष्ट्र में उत्तर भारतीय-हिंदी भाषी समुदाय के साथ-साथ शुक्ला के खिलाफ भी बार-बार धमकी देने का आरोप लगाया गया है। शुक्ला का कहना है कि पिछले एक साल में उन्हें अपनी राजनीतिक पहचान और उत्तर भारतीय प्रवासियों की वकालत करने के कारण गंभीर धमकियों, उत्पीड़न और शारीरिक धमकी का सामना करना पड़ा है। याचिका के अनुसार, धमकियां काफी बढ़ गई हैं और दस महीनों में कम से कम नौ लिखित शिकायतों के बावजूद पुलिस और राज्य के अधिकारियों ने पूरी तरह से निष्क्रियता दिखाई है। अक्टूबर 2024 में कथित तौर पर एमएनएस से जुड़े लगभग 30 व्यक्तियों के एक समूह ने उनकी राजनीतिक पार्टी के कार्यालय परिसर में घुसकर तोड़फोड़ करने का प्रयास किया। शुक्ला के अनुसार, एक पुलिस अधिकारी ने एक घंटे तक चली इस घटना को देखा, लेकिन कोई बयान दर्ज करने या गिरफ्तारी करने में विफल रहा। एक अन्य घटना 30 मार्च को गुड़ी पड़वा रैली में हुई, जब ठाकरे द्वारा दिए गए भाषण में मॉल और बैंकों में मराठी न बोलने पर हिंदी भाषी कर्मचारियों के खिलाफ हिंसा का आह्वान किया गया। याचिका में कहा गया है कि इस भाषण के कारण मुंबई भर में हिंदी भाषी कर्मचारियों पर कई हमले हुए। याचिका में आरोप है कि पिछले महीने की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट में ठाकरे के खिलाफ याचिका दायर करने के बाद शुक्ला को फोन और व्हाट्सएप के जरिए कई बार जान से मारने की धमकियां मिलीं। मनसे समर्थकों ने उनका फोन नंबर बांट दिया, जिसके बाद धमकी भरे संदेशों की बाढ़ आ गई। पुलिस और राज्य के शीर्ष अधिकारियों को सूचित करने के बावजूद कोई सुरक्षात्मक कार्रवाई नहीं की गई। याचिका में शुक्ला और उनके परिवार के लिए तत्काल पुलिस सुरक्षा, ठाकरे और धमकी देने वाले अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, चुनाव आयोग से मनसे का पंजीकरण रद्द करने पर विचार करने और धमकियों व हमलों की जांच स्वतंत्र एजेंसी या विशेष जांच दल (एसआईटी) से कराने की मांग की गई है।

## निंबार्क तीर्थ पदयात्रा का पुष्प वर्षा व गुलाब जल से भव्य स्वागत



किशनगढ़। राजस्थान ब्राह्मण महासभा उपखण्ड किशनगढ़ द्वारा निंबार्क तीर्थ पदयात्रा का प्रताप भवन के बाहर पुष्प वर्षा और गुलाब जल से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजस्थान ब्राह्मण महासभा, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ मदनगंज, महिला प्रकोष्ठ किशनगढ़, विभिन्न घटक समाज के अध्यक्ष, पदाधिकारी, विप्र फाउंडेशन, जय परशुराम सेना सहित विप्र समाज के सैकड़ों बन्धु, माताएं और बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मनीष कौशिक, रामचन्द्र हरितवाल, एडवोकेट रूपेश शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, दिनेश उपाध्याय, चन्द्र प्रकाश पीपलवा, अशोक बढ़ाढरा, महेश रिणवा, राजेश नवहाल, राम किशोर भारद्वाज, वैद्य मुकेश शर्मा, मोहन प्रधान, योगेंद्र मुन्ना शर्मा, भंवर गोपाल गौड़ सरपंच, श्याम मनोहर पाठक, पवन पारीक, राजेश रामजी खांडल, राजेश पंचारिया, विजय शर्मा, ऋषी गौड़, ऋषी खांडल, भंवर लाल चोटियां, एडवोकेट धनराज शर्मा, ईश्वर प्रसाद शर्मा हरियाणा गौड़, ओम प्रकाश सनाढ्य, राजेन्द्र हटीला, राम प्रताप रूथला, घनश्याम काछवाल, जगदीश मांगलिहारा, विष्णु देवी सुंदरिया, लीला पंचारिया, मोना बढ़ाढरा, अलका कौशिक, सुमन पीपलवा, सविता शर्मा, श्याम मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## BMC चुनाव में साथ उतरेंगे उद्धव-राज, संजय राउत का बड़ा ऐलान



नई दिल्ली। महाराष्ट्र में मराठी मुद्दे पर शिवसेना UBT प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) प्रमुख राज ठाकरे चुनाव के लिए भी एक साथ आ रहे हैं। महाराष्ट्र में होने वाले स्थानीय नगर निकाय चुनाव में उद्धव की शिवसेना और राज ठाकरे की पार्टी साथ चुनाव लड़ेगी। राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि हम राज ठाकरे के साथ मुंबई महानगरपालिका (BMC चुनाव) का चुनाव तो लड़ेंगे ही, इसके अलावा ठाणे नगर निगम, कल्याण डोंबिवली नगर निगम और नासिक नगर निगम में भी हम साथ चुनाव लड़ेंगे।संजय राउत ने आगे कहा कि अन्य शहरों की महानगरपालिका में भी हम साथ दिखेंगे। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की ताकत मराठी लोगों की एकता की ताकत है और अब हमें कोई भी शक्ति नहीं तोड़ सकेगी। संजय राउत ने यह भी कहा कि राज ठाकरे से चुनाव को लेकर बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि हम मुंबई महा नगरपालिका का चुनाव जीतेंगे। संजय राउत ने कहा कि ठाकरे बंधुओं के बीच गठबंधन तय है। हालांकि अभी तक दोनों साथ रैली कब करेंगे, इसको लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। बता दें कि 27 जुलाई को उद्धव ठाकरे का जन्मदिन था और इस मौके पर राज ठाकरे उनके आवास मातोश्री पहुंचे थे। इसके बाद से कयासों का बाजार गर्म हो चुका था कि दोनों भाई साथ आ सकते हैं। संजय राउत ने कहा कि अब कोई भी ताकत आए मराठी मानुष की तोड़ का कोई जवाब नहीं है। संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। संजय राउत ने कहा कि देश में बेरोजगारी, कानून व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा और भुखमरी जैसे गंभीर मुद्दे हैं। संजय राउत के अनुसार हमने 79 साल में निश्चित रूप से प्रगति की है और इसका श्रेय हर प्रधानमंत्री को जाता है। संजय राउत ने कहा कि जब देश को आजादी मिली थी, तब यहां सुई धागा भी नहीं बनता था, आज भारत अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़ चुका है। संजय राउत ने कहा कि पीएम मोदी ने स्वदेशी का नारा दिया, ये भी तो पंडित नेहरू का ही विजन है। उन्होंने कहा कि अब पंडित नेहरू और गांधी के विजन की याद आ गई और स्वदेशी का नारा भी कांग्रेस का ही नारा रहा है।

## सम्पादकीय

# अमेरिकी दबाव के आगे नहीं झुकेगा भारत : नई कूटनीतिक मोर्चेबंदी की ओर

अंतरराष्ट्रीय राजनीति का इतिहास गवाह है कि जब भी कोई महाशक्ति अपनी शर्तों पर दुनिया को चलाने की कोशिश करती है, तब कई नए समीकरण जन्म लेते हैं। आज वही स्थिति अमेरिका और भारत के बीच बनती दिख रही है। हाल के वर्षों में भारत ने अमेरिका के साथ आर्थिक, सुरक्षा और रणनीतिक हर मोर्चे पर सहयोग बढ़ाया है, लेकिन इसके बावजूद अमेरिका ने जो बेलगाम शुल्क नीति और रूस से तेल खरीद को लेकर दंडात्मक रवैया अपनाया है, उसने इन संबंधों में तनाव के नए बीज बो दिए हैं। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका का आंतरिक और बाहरी रुख पहले से कहीं अधिक आक्रामक हो गया। घरेलू मुद्दों पर विवादित फैसलों के साथ-साथ उन्होंने विदेशी व्यापार में भी 'अमेरिका फर्स्ट' के नाम पर संरक्षणवाद की नीति अपनाई। यह नीति मित्र देशों पर भी समान रूप से लागू हुई, और भारत इसका सीधा शिकार बना। बिना ठोस औचित्य के आयातित वस्तुओं पर भारी शुल्क थोपना, यह संकेत है कि अमेरिका केवल आर्थिक लाभ नहीं, बल्कि राजनीतिक दबाव भी बनाना चाहता है। भारत पर रूस से तेल खरीदने के कारण जुर्माने की चेतावनी तो इस दबाव की पराकाष्ठा है। सवाल यह है कि क्या किसी संप्रभु राष्ट्र को अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए सिर्फ अमेरिका की अनुमति से फैसले लेने चाहिए? बहुध्रुवीय होते विश्व में यह विचार ही अव्यावहारिक है। भारत का रुख साफ है-हम अपने हितों और सम्मान के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे। इसी सोच के तहत भारत ने वैकल्पिक कूटनीतिक रास्तों की ओर कदम बढ़ाया है। रूस और चीन के साथ उच्चस्तरीय संवाद इसी रणनीति का हिस्सा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर का आगामी रूस दौरा, जहां वे सर्गेई लावरोव से मुलाकात करेंगे, और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की भारत यात्रा, दोनों ही घटनाएं संकेत देती हैं कि भारत अपने विकल्प मजबूत कर रहा है। वर्ष के अंत में व्लादीमिर पुतिन की प्रस्तावित भारत यात्रा भी इस रणनीतिक समीकरण को और मजबूती देगी। ब्रिक्स मंच पर पहले से चल रही समन्वय की कोशिशें अब नए सिरे से अहमियत पा सकती हैं। हालांकि, भारत के लिए चीन एक जटिल पड़ोसी है-सीमा विवाद और पिछले वर्षों का तनाव इसे सरल नहीं बनने देगा। इसलिए, नई मोर्चेबंदी में संतुलन और सतर्कता दोनों जरूरी होंगे।आज भारत जिस कूटनीतिक मोड़ पर खड़ा है, वहां अमेरिकी दबाव के आगे झुकना न केवल आर्थिक नुकसान होगा, बल्कि रणनीतिक रूप से भी आत्मघाती होगा। यही कारण है कि भारत को अपनी विदेश नीति को और लचीला, बहुआयामी और आत्मनिर्भर बनाना होगा। दुनिया बदल रही है, शक्ति संतुलन नए रूप ले रहा है और भारत को इस बदलाव में अपनी शर्तों पर जगह बनानी ही होगी।

# भागीरथ चौधरी ने फहराया तिरंगा, दी सलामी



नई दिल्ली, 15 अगस्त 2025 - केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अपने नई दिल्ली स्थित सरकारी निवास पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्टाफ सदस्यों और सुरक्षाकर्मियों के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी तथा मार्च-पास्ट का निरीक्षण किया। भागीरथ चौधरी ने कहा कि तिरंगा हमारी शान, सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है। यह हमें एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति के मार्ग पर सदैव अग्रसर रहने की प्रेरणा देता है। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों से अधिक समय में केंद्र सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों का विशेष उल्लेख किया। भागीरथ चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं, विशेषकर कृषि एवं किसान कल्याण के क्षेत्र में। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में किसानों की आय बढ़ाने, कृषि तकनीक के आधुनिकीकरण, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, फसल बीमा योजना, पीएम-किसान सम्मान निधि और जैविक व प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने जैसी अनेक ऐतिहासिक पहलें की गई हैं, जिनका लाभ सीधे देश के करोड़ों किसानों तक पहुंचा है।

# रूपनगढ़ में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

रूपनगढ़। हर वर्ष की भांति इस बार भी 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रूपनगढ़ द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर झंडारोहण किया गया। झंडारोहण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जीवन राम भाकर और पूर्व उप प्रधान श्रवण लाल गुर्जर ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रवक्ता फिरोज देशवाली, ब्लॉक उपाध्यक्ष हरि जाखड़, ब्लॉक सचिव जमील कुरेशी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामनारायण कुमावत, यूथ उपाध्यक्ष दिनेश मौर्य, यूथ ब्लॉक अध्यक्ष सोनू गुर्जर, आम मुस्लिम समाज सदर हबीब मोहम्बद छिपा, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता मदन लाल मौर्य, भवर लाल खोरवाल, कल्याण मौर्य, हजारी खाती, अनवर अली शेख, ग्राम पंचायत सदस्य इरफान शेख, गोविंद बंजारा, खेम चंद मौर्य, ताराचंद खींची,



मोहसिन आजाद, ब्लॉक मीडिया प्रभारी मुख्तियार मिर्जा, इब्राहिम कायमखानी, ब्लॉक महासचिव हीरा लाल माली, गणेश जाखड़, रफीक सहारा, दिलीप मौर्य, नेमीचंद मौर्य, मुकेश मौर्य सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया और भारत माता के जयकारे लगाए। कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुआ।

# एजुकेशन चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



किशनगढ़। एजुकेशन चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस अमृत कालबेला में उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि संगीता चौहान (पत्नी नंद किशोर सिंह पवार, सूबेदार मेजर, कश्मीर में कार्यरत) ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना और सरस्वती वंदना से हुआ। अध्यापक वैभव पारीक ने बच्चों को योग, प्राणायाम और व्यायाम करवाए। बच्चों ने देशभक्ति, राजस्थानी और भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए, जिनमें 'राधा-कृष्ण', 'आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं झांकी हिंदुस्तान की', 'संदेश से आते हैं', 'सुनो गौर से दुनिया वालों', 'मेरा तेज सुपर', 'कंधों से कंधे मिलते हैं', 'रंगीलो मारो ढोलना', 'लहरिया', 'आपा चकरी में झुलेला', 'प्रभु तुमसे प्रीत लगी' आदि प्रमुख रहे। साथ ही बच्चों ने देशभक्ति कविताएं भी सुनाईं। विद्यालय सचिव संतोष पारीक ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चों को दिनचर्या में योग, प्राणायाम और व्यायाम को शामिल करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन-मन में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है, जिससे परिवार, समाज और राष्ट्र की सेवा की जा सकती है। प्रधानाध्यापक रामदयाल पारीक ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वार्डवासी और विद्यालय परिवार के दर्शिका पारीक, किरण पारीक, ललित वैष्णव, कृष्णा सेन, डिंपल अजमेरा, अक्षरा वैष्णव, गुलाब चौधरी, पांचू लाल चौधरी, कविता रेगर, केशव पारीक सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# विधायक विकास चौधरी ने किया विधानसभा क्षेत्र का दौरा, गांवों में की जनसुनवाई



किशनगढ़। विधायक विकास चौधरी ने गुरुवार को निर्वाचन क्षेत्र का दौरा किया। क्षेत्र में जगह-जगह जाकर आमजन से मिले और जनता की मूलभुत समस्याओं को समझा। विधायक चौधरी ने मौके पर ही अधिकारियों को संज्ञान में आई जन-समस्याओं को लेकर अवगत कराया और तुरंत समाधान के निर्देश दिए।अरांई उपखंड क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए विधायक विकास चौधरी ने विधायक कोष सहित अन्य मदों से क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों व ठेकेदारों को बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पाबंद किया। चौधरी ने कहा कि निश्चित समय अवधि में गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य पूरे किए जाएं, जिससे आमजन को समय पर सुविधाओं का लाभ मिल सके। दौरे के दौरान विधायक विकास चौधरी शोक संतप्त परिवारों से भी मिले और उनके दुख दर्द को साझा किया। उन्होंने देवपुरी, मंडावरिया, दादिया, सील, ढसूक सिरोंज, गोली, गागुन्दा, खंडाच सहित दर्जनभर गांवों का दौरा किया।इस मौके पर उनके साथ क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंचगण, बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और आमजन मौजूद रहे।

# अखंड भारत के संकल्प संग मां भारती रक्षा मंच की भव्य तिरंगा रैली

किशनगढ़, 13 अगस्त। मां भारती रक्षा मंच के तत्वावधान में बुधवार सुबह 9 बजे डाक बंगले से तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, मां भारती रक्षा मंच के कार्यकर्ताओं व आमजन ने हिस्सा लिया। अखंड भारत की परिकल्पना को ध्यान में रखकर निकाली गई इस रैली के मुख्य अतिथि भंवरलाल मेघवाल निटूटी रहे, अध्यक्षता सभापति नगर परिषद दिनेश सिंह राठौड़ ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि आयुक्त नगर परिषद सीता वर्मा, मां भारती रक्षा मंच संरक्षक लक्ष्मीनारायण सोनगरा, भाजपा नेता शंभू शर्मा, प्राइवेट गैर शिक्षण संस्थान अध्यक्ष मनोज सेन, मां भारती रक्षा मंच अध्यक्ष डॉ. विनय सिंह चौहान, घासीराम चौधरी व एईएन विष्णु अडानिया ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। तिरंगा रैली डाक बंगले से होकर टांक पेट्रोल पंप, मुख्य चौराहा, सिटी रोड होते हुए रविंद्र रंगमंच पहुंची। पूरे रास्ते में 101 फीट का तिरंगा एवं अखंड भारत पर मां भारती की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। रैली मार्ग में जगह-जगह विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।रैली के समापन पर सभापति नगर परिषद दिनेश सिंह राठौर ने रैली में शामिल स्कूली विद्यार्थियों को घर पर लगाने हेतु तिरंगा उपलब्ध कराते हुए 'घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा' फहराने का संदेश दिया और कहा कि तिरंगा रैली से आमजन में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जुड़ाव के साथ देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिलेगा। तिरंगा रैली में मेवाड़ मिशन स्कूल, आदर्श बाल निकेतन, एस बी ट्यूटोरियल, श्री गणेश



बाल भारती, रीसेंट प्रवेशिका, सर्वेश्वर सेकेंडरी स्कूल, प्रभाती देवी अग्रवाल पब्लिक स्कूल, गंगा विद्या मंदिर, ग्रीन रोज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नवोदय स्कूल, आचार्य धर्म सागर स्कूल, एम.एस.एस. स्कूल, प्रेरणा प्रोग्रेसिव सीनियर सेकेंडरी स्कूल व नोबेल इंटरमीडिएट सहित बड़ी संख्या में स्कूलों के विद्यार्थियों ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मां भारती रक्षा मंच से जुड़े पवन जोशी, सुनील दाधीच, गोवर्धन सिंह, हरकचंद कुमावत, कानाराम वर्मा, अश्वनी परिहार, राजेश नवहाल, एस एम पाठक, विजय पारीक, प्रहलाद कुमावत, विक्रम सिंह, चंद्रशेखर शर्मा, कैलाश कुमावत, दीपक गोयल, विष्णु कुमावत, राकेश सोनी, विनोद झंवर, श्यामसुंदर पायक, चंद्रशेखर कुमावत, मां भारती महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज शर्मा, शिमला कुमावत, उमा काबरा, रितु मंगनानी, संगीता अग्रवाल, चंदा देवी, गुणमाला पाटनी व सोनू अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। रैली का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ और सभी ने स्वाधीनता दिवस पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया। अंत में आए हुए विद्यार्थियों एवं आगंतुकों को अल्पाहार कराकर विदाई दी गई।

## खाटू श्याम पदयात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

### भजन-कीर्तन और पताका चढ़ाने के साथ संपन्न हुआ धार्मिक आयोजन



किशनगढ़। श्री श्याम मित्र मंडल टिकावड़ा के तत्वावधान में 3 अगस्त को रिंगस से शुरू हुई खाटू श्याम पदयात्रा में हजारों भक्त भाव-विभोर होकर नाचते-गाते भजन-कीर्तन करते खाटू धाम पहुंचे। सुबह 7:15 बजे रिंगस पुलिया से प्रारंभ हुई यात्रा शाम करीब 7 बजे खाटू धाम पहुंची। कोटपूतली वालों की धर्मशाला में रात्रि को आयोजित विशाल संगीतमयी भजन संध्या में कोलकाता के भजन गायक प्रकाश मिश्रा और गायिका श्वेता अग्रवाल ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिस पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। अगले दिन 4 अगस्त सुबह 10 बजे श्रद्धालु बाबा की पताका लेकर रवाना हुए। पुरुष सफेद परिधान और महिलाएं गुलाबी साड़ियों में मुख्य बाजारों से होते हुए बाबा के दरबार तक पहुंचे। पताका चढ़ाने के साथ श्याम भोग का आयोजन हुआ। करीब दो दिन तक चले इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु श्याम भक्ति में सराबोर रहे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में हरीश मालू, राधामोहन सारड़ा, कैलाश मालू, सुभाषचंद मालू, अशोक लखोटिया, शायर प्रजापत, रमेश गुरु, दिनेश लखोटिया, अजय काबरा, सरपंच सुभाषचंद्र लक्षकार, बबलू शर्मा, सुरेश शारदा, राघव मालू, नरेश शारदा, सत्यनारायण जेथलियां आदि ने सहयोग किया। इस दौरान चंद्रनारायण मालू, अनिल लखोटिया, राजकुमार मालू, मुकेश मुंदड़ा, सतीश लखोटिया, अशोक जाखेटिया, राजकुमार काबरा, नीरज प्रजापत सहित अनेक भक्त मौजूद रहे।

## 151 फीट तिरंगे के साथ ढाणी पुरोहितान में निकली भव्य तिरंगा रैली

### देशभक्ति के नारों से गूंजा आकाश, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत



किशनगढ़। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 13 अगस्त को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणी पुरोहितान में प्रधानाचार्या नीलम चौधरी के नेतृत्व में विशाल तिरंगा रैली का आयोजन हुआ। रैली का मुख्य आकर्षण 151 फीट लंबा तिरंगा रहा, जिसे विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश और गर्व के साथ संभाला। रैली में समाजसेवी रमेश राठी, सीटीओ रामनिवास मातवा, प्रधानाचार्य रेखा चौधरी, व्याख्याता कमल नयन भंवरिया, मिश्रीलाल, वरिष्ठ अध्यापक राजवीर सिंह, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, मुकेश कुमार मीणा, नरेंद्र सिंह, साजिद गौरी, पूजा पारीक, संतोष चौधरी, अनीता टाक, किरण राव, सुरजीत चौधरी, डॉ. राजकंवर, डॉ. सूरज सिंह रावत, उपसरपंच सकराम रावत, केसर सिंह रावत, शिवकरण बाकोलिया, शिवराज परसोया, पीरूलाल, गजेंद्र सिंह, रामदेव रावत, हेमराज सवासिया, सुरेंद्र रावत, राजू सर सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल हुए। देशभक्ति के नारों के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। रैली का शुभारंभ दादी धाम मंदिर मयूरा सिटी से हुआ, जहां मयूरा सिटी रेजिडेंशियल सोसाइटी ने तिरंगा रैली का भव्य स्वागत अभिनंदन किया। तिरंगा रैली मयूरा सिटी से परासिया, अग्रसेन चौराहा, खोड़ा गणेश मार्ग से होते हुए ढाणी पुरोहितान तक पहुंची। मार्ग में ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर देशभक्ति की इस अनूठी यात्रा का स्वागत किया। अंत में प्रधानाचार्या नीलम चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## प्रेसीडेंसी स्कूल में अलंकरण समारोह, छात्र नेताओं ने ली कर्तव्यनिष्ठा की शपथ



अजमेर। प्रेसीडेंसी स्कूल, अजमेर में शैक्षणिक सत्र 2025–26 का अलंकरण समारोह उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के नव-निर्वाचित छात्र नेताओं ने नेतृत्व, सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य ए.पी. शर्मा, हेडमास्टर, समन्वयकों, अतिथियों और अभिभावकों के स्वागत के साथ हुआ। समारोह में विशेष रूप से पूर्व छात्राएँ - सी.ए. गोपिका सोनी (बैच 2017-18) और सी.ए. सलोनी बांग (बैच 2019–20) को पौध भेंट कर सम्मानित किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया गया। मुख्य आकर्षण नव-निर्वाचित छात्र परिषद रही, जिसमें हेड बॉय, हेड गर्ल, उपाध्यक्ष, अनुशासन, सांस्कृतिक एवं खेल विभाग प्रमुख, तथा चार सदनों - डिग्निटी, इक्वालिटी, इंटेग्रिटी और ह्यूमिलिटी - के कैप्टन और वाइस कैप्टन शामिल थे। सभी छात्र नेताओं का परिचय उनके विशिष्ट गुणों के साथ दिया गया। प्राचार्य ए.पी. शर्मा ने सभी प्रतिनिधियों को पद और निष्ठा की शपथ दिलाई। छात्र नेताओं ने ईमानदारी, साहस और जिम्मेदारी से अपने कर्तव्यों के निर्वहन का संकल्प लिया। पूर्व छात्राओं ने अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा कर विद्यार्थियों को मेहनत, धैर्य और विनम्रता की सीख दी। विद्यालय के चेयरमैन जी.एस. सिंघवी ने कहा कि आज के बच्चे ही भविष्य के राष्ट्र निर्माता होते हैं और यहां उनकी प्रतिभा को निखारा जाता है। डायरेक्टर गरिमा सिंघवी ने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण व नेतृत्व विकास की दिशा में सार्थक पहल करता है। समारोह का समापन हेड बॉय और हेड गर्ल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन विद्यालय की "ज्ञान के प्रति श्रद्धा" की भावना को प्रकट करता हुआ प्रेरणादायक अनुभव बन गया।

## शिक्षक संघ (सियाराम) के प्रान्तव्यापी आंदोलन के तहत शिक्षकों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन




अजमेर। शिक्षकों के सभी केडर की विभिन्न मांगों पर शिक्षा मंत्रालय, राजस्थान सरकार द्वारा की गई वादा खिलाफी को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) द्वारा चलाए जा रहे प्रांतव्यापी आंदोलन के तहत जिला कलेक्ट्रेट पर विशाल प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। आंदोलन के प्रदेश उपाध्यक्ष भगवत डांगी ने बताया कि शिक्षा विभाग में राज्य सरकार द्वारा पूर्व में संगठन को शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर विस्तृत वार्ता करने का लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर सकारात्मक रुख नहीं रखते हुए वादा खिलाफी की है। इस वादा खिलाफी को लेकर संगठन द्वारा प्रांतव्यापी आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी के तहत आज राजस्थान के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया।संगठन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि आंदोलन के दूसरे चरण के तहत शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी, कोटा में 24 अगस्त को विशाल शिक्षक रैली का आयोजन किया जाएगा। इस शिक्षक रैली में संपूर्ण राज्य के सभी जिलों के शिक्षक भाग लेकर आक्रोश व्यक्त करेंगे। संगठन में जिला अध्यक्ष कैलाश चंद जैन के अनुसार संगठन के 26 सूत्रीय मांग पत्र में शिक्षक स्थानांतरण नीति बनाकर तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानान्तरण करने, तृतीय श्रेणी शिक्षक पदोन्नति करने, सभी केडर की वेतन विसंगति दूर करने, पुरानी पेंशन योजना पूर्ण रूप से लागू करने, प्रतिवर्ष 1 जुलाई से पूर्व सभी विद्यालय भवनों का निरीक्षण करवाकर सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा भवन सुरक्षा प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से जारी करने, व्यावसायिक शिक्षकों को नियमित करने, अध्यापक, वरिष्ठ अध्यापक, व्याख्याता, उप-प्राचार्य, प्रधानाचार्य को संपूर्ण सेवा काल में कुल चार एसीपी परिलाभ 7-14-21-28 वर्ष पूर्ण करने पर देने, कंप्यूटर अनुदेशक का कैडर रिव्यू कर इनका पदनाम कंप्यूटर शिक्षक करने, प्रबोधक का पदनाम अध्यापक करने, रविवार को प्रतियोगी परीक्षा में कार्य करने की एवज में क्षतिपूर्ति अवकाश देने, पीईईओ को हार्ड ड्यूटी अलाउंस देने, शिक्षकों को BLO ड्यूटी से पूर्णतया मुक्त करने, शिक्षकों को ग्रामीण भत्ता देने सहित शिक्षकों के सभी कैडर की कई प्रमुख मांगे शामिल हैं। आज का विशाल प्रदर्शन संगठन की सारंक्षिका सावित्री शर्मा के नेतृत्व में हुआ। ज्ञापन देने हेतु कई शिक्षकों ने उपस्थिति दर्ज कराई जिनमें जाकिर खान, रामलाल शर्मा, दीपक वैष्णव, अमित शर्मा, पुरुषोत्तम सैनी, जितेंद्र सिंह, हरिओम शर्मा, संजय यादव, शत्रुघ्न सिंह राठौड़, रमेश कुर्मी, नोरतमल नायक, ललित कुमार, अनिल पुरोहित, शंकर लाल खटीक सहित कई शिक्षक शामिल हुए। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रामनारायण रावत ने दी।

## प्रेसीडेंसी स्कूल में पहली बार भव्य MUN, "वसुधैव कुटुंबकम्" थीम पर सफल आयोजन



अजमेर। प्रेसीडेंसी स्कूल ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षिक परंपरा में एक और ऐतिहासिक अध्याय जोड़ते हुए पहली बार मॉडल यूनाइटेड नेशंस (Model United Nations - MUN) का भव्य आयोजन किया। यह कार्यक्रम 11 एवं 12 अगस्त 2025 को विद्यालय परिसर में बड़े उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैश्विक मुद्दों की समझ, वाद-विवाद की क्षमता, नेतृत्व कौशल और कूटनीतिक दृष्टिकोण का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य ए पी शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकगण, अतिथि प्रतिनिधि, प्रतिभागी विद्यालयों के शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ ही विद्यालय परिसर में उत्साह का वातावरण बन गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें रंगारंग नृत्य और गीत शामिल थे। इस MUN में ऑल सेंट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ऑल सेंट्स गर्ल्स स्कूल, मयूर स्कूल अजमेर, सोफिया स्कूल, सोफिया कॉलेज, एम.एस.एस. स्कूल, संस्कृति स्कूल, आर.एम.एस. स्कूल, डी.डब्ल्यू.पी.एस. और एम.आई.एस. सहित विभिन्न संस्थानों के 114 प्रतिभागियों ने भाग लिया। MUN के अंतर्गत चार अलग-अलग समितियों का गठन किया गया -United Nations General Assembly (UNGA) - चेयरपर्सन आदित्य दुबे, वाइस चेयरपर्सन मनरूप सिंह वाधावन United Nations Human Rights Council (UNHRC) - चेयरपर्सन मेहुल भटनागर, वाइस चेयरपर्सन रिद्धिमा खंडेलवाल United Nations Commission on the Status of Women (UNCSW) - चेयरपर्सन रिद्धिमा शर्मा, वाइस चेयरपर्सन नैना गुप्ता United Nations Security Council (UNSC) - चेयरपर्सन जय आदित्य सिंह, वाइस चेयरपर्सन वत्सला शर्माआयोजन की योजना और संचालन में मार्गदर्शन देने का कार्य चीफ एडवाइज़र रिद्धिमा शर्मा ने किया। प्रतिभागियों ने मानवाधिकार उल्लंघन, महिला सशक्तिकरण, वैश्विक शांति, सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव और कूटनीतिक संबंधों पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य ए पी शर्मा ने कहा कि MUN केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को विश्व के जटिल मुद्दों को समझने, टीम वर्क सीखने और विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। चेयरमैन जी. एस. सिंघवी ने कहा कि आज के दौर में विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ वैश्विक दृष्टिकोण और समस्या-समाधान की क्षमता भी आवश्यक है। डायरेक्टर गरिमा सिंघवी ने कहा कि MUN छात्रों के व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। प्रतिभागियों ने इसे एक अविस्मरणीय अनुभव बताया। समापन पर विजेताओं को प्रमाणपत्र और ट्रॉफी प्रदान की गई तथा अंतिम दिवस पर गाला नाइट का आयोजन हुआ। प्रमुख समन्वयक कविता डीडवानिया और अपूर्व भटनागर रहे। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी, शिक्षकों का मार्गदर्शन और आयोजन समिति की मेहनत ने इसे सफल और यादगार कार्यक्रम बना दिया।

# विभाजन विभीषिका लाखों मासूमों के खून-आंसुओं से लिखा इतिहास : भागीरथ चौधरी







अजमेर/जयपुर, "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" के तहत भारतीय जनता पार्टी की ओर से अजमेर मुख्यालय पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा स्थानीय सांसद भागीरथ चौधरी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागीरथ चौधरी ने कहा कि 14 अगस्त 1947 केवल एक तारीख नहीं, बल्कि लाखों मासूमों के खून और आंसुओं से लिखा हुआ इतिहास है। भागीरथ चौधरी ने कहा कि जब धर्म के आधार पर देश को बांटा गया, तब करोड़ों लोग अपने घर, अपनी जमीन, अपना सबकुछ छोड़कर अनजाने सफर पर निकलने को मजबूर हुए। लाखों ने अपनी जान गंवाई, बहनों की अस्मिता लूटी गई, बच्चों के सिर से माता-पिता का साया छिन गया। यह पीड़ा शब्दों में नहीं समा सकती। उन्होंने कहा कि उस समय सत्ता में बैठे कुछ लोगों के गलत फैसलों और दूरदर्शिता की कमी ने इस त्रासदी को और गहरा कर दिया। अगर उस समय देशहित को दलहित से ऊपर रखा जाता तो शायद यह दर्द टल सकता था, लेकिन कुछ लोग तब भी कुर्सी के लिए समझौते कर रहे थे और आज भी वही सोच रखने वाले कुछ दल देश की एकता पर राजनीति करने से पीछे नहीं हटते। भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिन को "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस" घोषित करके केवल इतिहास को जीवित नहीं किया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि आने वाली पीढ़ियां इस त्रासदी को भूल न जाएं। प्रधानमंत्री मोदी का यह संकल्प स्पष्ट है-देश पहले, बाकी सब बाद में। यही कारण है कि आज भारत दुनिया में मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के रूप में खड़ा है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर यह वचन लें कि देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को तोड़ने की कोशिश करने वालों को हम कभी सफल नहीं होने देंगे। चाहे कितनी भी साजिशें हों, कितने भी झूठ फैलाए जाएं, लेकिन भारत की आत्मा को हम कभी टूटने नहीं देंगे। हम उन लाखों शहीदों, पीड़ितों और विस्थापितों को नमन करते हैं और उनके सपनों का भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प लेते हैं। इस अवसर पर राजस्थान सरकार में मंत्री सुरेश सिंह रावत, अजमेर शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी, अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल, जिला प्रभारी बिरमदेव, नगर परिषद किशनगढ़ सभापति दिनेश सिंह राठौड़, नगर निगम उपमहापौर नीरज जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रियशील हाड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आदिनाथ कॉलोनी में वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश







किशनगढ़। आदिनाथ कॉलोनी विकास समिति मदनगंज किशनगढ़ द्वारा हरियालो राजस्थान के तहत और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में स्वतंत्रता दिवस से दो दिवस पूर्व वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम नगर परिषद किशनगढ़ के सभापति दिनेश सिंह राठौड़, उपसभापति मनोहर तारानी, मदनगंज थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह राठौड़ के आतिथ्य में हुआ। विकास समिति अध्यक्ष महावीर प्रसाद जैन, मंत्री सुरेश शारदा व विकास समिति के सदस्यों ने अतिथियों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश सिंह राठौड़ ने आमजन को पर्यावरण की महत्वता और जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि हर नागरिक एक-एक वृक्ष लगाए और उसकी पालना करे तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। उपसभापति मनोहर तारानी ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं संतुलित बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ, पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया। मदनगंज थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि वृक्षारोपण एक रस्म नहीं है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित समाज और परिवार के लिए स्वस्थ पर्यावरण जरूरी है। पेड़ ऑक्सीजन देते हैं, प्रदूषण कम करते हैं और जलस्रोतों को सुरक्षित रखते हैं। इस अवसर पर महावीर प्रसाद जैन, सुरेश कुमार शारदा, राधामोहन सारडा, अशोक कुमार पाटनी, कैलाशचंद मांहेश्वरी, अशोक जैन, प्रदीप डांगी, अशोक कुमार दोषी, अनिल बज, सुशील कुमार काला, कमलकिशोर सेठी, छाजण अग्रवाल, संदीप गंगवाल, कैलाश ईनाणी, राजेश बाकलीवाल, दिनेश सारडा, संजय ईनाणी, दीपक गंगवाल, हेमंत पापड़ीवाल, राजू सेठी, लोकेश शारदा, अनिल पारीक, नितेश माहेश्वरी, कमल साहू सहित स्थानीय कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

# कांग्रेस कार्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया



किशनगढ़। 15 अगस्त 2025 को राजीव गांधी स्मृति भवन, कांग्रेस कार्यालय, किशनगढ़ में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, नगर कांग्रेस कमेटी, सेवा दल, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण, महिला कांग्रेस, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य एवं कांग्रेस परिवार के वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।विधायक डॉ. विकास चौधरी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी तथा स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को नमन किया। समारोह स्थल पर देशभक्ति गीतों की गूंज, तिरंगे के रंग में रंगी सजावट और उपस्थित जनसमूह के जोश से माहौल रोमांचक बना रहा। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल और नगर कांग्रेस अध्यक्ष आजम कुरैशी ने अतिथियों का स्वागत किया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे - नेता प्रतिपक्ष हमीदा बानो, पार्षद महेन्द्र यादव, मोहम्मद रफीक, परमिंदर जोशी, परवीन बानो, धन्नालाल यादव, घनश्याम सोढ़ा, पप्पू मेघवाल, मोहम्मद तक्की, केसरीमल डुक्या, पूर्व पार्षद विपेन्द्र सिंह चारण, राकेश शर्मा, राहुल चोरड़िया, राधेश्याम वैष्णव, मदन मेघवाल, राम गोंडेश्वर, हरिओम डाबी, नसीम अहमद, किशन गहलोत, मदन जाजोरिया, जगदीश गोरा, यूथ अध्यक्ष कमल डीडवानिया, शांतिलाल झांझरी, राहुल लोढ़ा, महेंद्र सेन, विश्राम चौधरी, शकील कुरैशी, बृजेश जोशी, इशाक हनफी, दीपक बिड़ला, आमिर हनफी, इमरान मंसूरी, मूलचंद शर्मा, राजीव चौधरी, मुकेश कुमार, गोविंद दायमा, इस्लामुद्दीन देशवाली, अल्लानूर देशवाली, राजू यादव, पिंटू नांगलिया, सिकंदर खान, मोहम्मद इस्लाम, देवेंद्र सिंह सिसोदिया, गोविंदराम मेघवाल, पंकज अग्रवाल, आकाश सुनारीवाल, तेजपाल बजाड़, खेमाराज चौधरी, प्रवीण सेन, त्रिलोकचंद, नरेश बाकलीवाल, अजय देवड़ा एवं करण जीनगर सहित तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ और सभी ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# महर्षि दधीची जयंती 31 अगस्त को धूमधाम से मनाई जाएगी




किशनगढ़। दाधीच समाज की कार्यकारिणी की बैठक 13 अगस्त बुधवार को रात्रि 8 बजे दाधीच भवन प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक में सभाध्यक्ष पंडित देवीलाल शास्त्री, समाज अध्यक्ष शशि प्रकाश रतावा, संरक्षक ओमप्रकाश तिवाड़ी मंचासीन होकर बैठक की कार्यवाही आरंभ हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अराध्य कुल देवता महर्षि दधीची जयंती 31 अगस्त रविवार को बड़े धूमधाम से मनाई जाएगी। इस पर्व को मनाने के लिए संयोजक दिवाकर काकड़ा, कैलाश नुवाल, शोभायात्रा संयोजक जगदीश व्यास, राजेश ईटोदिया, विष्णु रतावा को मनोनीत किया गया। बैठक में प्रदीप व्यास, सुशील दाधीच, ओमप्रकाश रतावा, जुगल किशोर जोशी, अशोक माडोल्या, ललित काकड़ा, अरविन्द सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन सचिव राधेश्याम दाधीच ने किया। अध्यक्ष शशि प्रकाश रतावा ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों से जयंती महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की।

# स्वतंत्रता दिवस पर पाटनी गर्ल्स एवं नर्सिंग कॉलेज में भव्य आयोजन




किशनगढ़। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रतनलाल कंवरलाल पाटनी गर्ल्स एवं नर्सिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आर.के. परिवार एवं महाविद्यालय प्रबन्ध समिति सदस्य शांता पाटनी ने कहा कि आज का दिवस देश की स्वाधीनता को प्रतिबिम्बित करता है। इस दिवस को गौरव के साथ मनाया जाए ताकि वैश्विक स्तर पर देश की प्रभावी छवि प्रदर्शित हो सके। उन्होंने कहा कि हमें देश को इण्डिया नहीं भारत कहने पर केन्द्रित होना चाहिए जिससे देश की भाषा और संस्कृति को प्रस्तुत किया जा सके। साथ ही विदेशी वस्तुओं के स्थान पर स्वदेशी अपनाने पर जोर देना चाहिए, जो देश के स्वाभिमान और गौरव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण है। उन्होंने बेटियों को मातृभाषा और भारतीय ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाने का संकल्प लेने की प्रेरणा दी।महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य महावीर कोठारी ने कहा कि इस दिवस को बेटियां अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने के रूप में देखें। आत्मविश्वास और परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम अतिथि जुली जैन ने भी विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने कहा कि देश की आजादी के लिए अनेक देशभक्तों ने बलिदान दिया है, इसलिए सभी को देश की एकता और अखण्डता के लिए समर्पित रहना चाहिए। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्य एवं निदेशक, मार्बल सिटी हॉस्पिटल नीरज अजमेरा, प्रमुख मार्बल व्यवसायी एवं समाजसेवी पवन गोयल, पवन अग्रवाल, संजय पाण्ड्या, लायंस क्लब किशनगढ़ के संस्थापक सदस्य मुकेश गोयल, निदेशक मार्बल सिटी हॉस्पिटल ओम प्रकाश मेणावत ने शिरकत की। अतिथियों का आभार महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी एवं नर्सिंग कॉलेज प्राचार्य हिमांशु राघव दाधीच ने व्यक्त किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विविध सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। मंच संचालन महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के डॉ. हुकम सिंह चम्पावत और अंग्रेजी विभाग की कविता प्रियदर्शनी ने किया।

स्वामित्व, प्रकाशक ओमप्रकाश नाजवानी के लिए मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419/30 ब्रह्मपुरी, चर्च के पास, जयपुर रोड, अजमेर (राज.) से मुद्रित कर आगाज की आवाज (पाक्षिक) कार्यालयः 1-जे-16 न्यू हाऊसिंग बोर्ड, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। - सम्पादक ओमप्रकाश नाजवानी